हल्द्वानी (नैनीताल) एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित

समाचारों को विस्तार से व तत्काल पढ़ने के लिए क्लिक करें
Web:- www.jokhimnews.com
सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड में “ए” श्रेणी में सूचीबद्ध

# जोखिम

भय भूख एवम् भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत् निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वर्ष : 16 अंक : 357 देहरादून बुधवार 25 मार्च 2026 मूल्य :रू 2 पृष्ठ : 8

## मुख्यमंत्री ने स्टोरेंट में पहुंच लिया गैस आपूर्ति का जायजा

**- गैस आपूर्ति सुचारू रखने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हर संभव प्रयास कर रही है सरकार : सीएम**

देहरादून (संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गढ़ी कैंट क्षेत्र में एक रेस्टोरेंट में पहुंच कर, रसोई गैस आपूर्ति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने सभी होटल, रेस्टोरेंट संचालकों से कहा कि अभी गैस का बहुत अधिक संकट नहीं है, फिर भी आने वाले दिनों में यदि जरूरत पड़ी तो देशवासियों को इस बार भी कोरोनाकाल की तरह एकजुटता के साथ इस चुनौती का सामना करना होगा। मुख्यमंत्री ने रेस्टोरेंट संचालक से गैस आपूर्ति के बारे में पूछा, इस दौरान रेस्टोरेंट संचालक ने कहा कि सप्लाई में थोड़ा कमी तो आई है लेकिन फिलहाल गैस लगातार मिल रही है। रेस्टोरेंट संचालक ने बताया कि वो गैस की खपत कम करने के लिए तंदूर का अधिक इस्तेमाल कर



रहे हैं। मुख्यमंत्री ने भी इस पहल को सराहते हुए, प्रशासन को वैकल्पिक ऊर्जा के लिए जरूरी प्रबंध करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी गैस की आपूर्ति हो रही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार आपूर्ति सुचारू रखने के लिए पूरा प्रयास कर रही है। उन्होंने सभी होटल, रेस्टोरेंट संचालकों के साथ ही आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो देश एकजुटता से इस चुनौती का सामना करेगा। जिस तरह कोरोना काल में देश ने एकजुटता का परिचय दिया था, उसी तरह का धैर्य का परिचय इस बार भी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गैस के विकल्प के तौर पर इंडक्शन सहित अन्य विकल्पों का प्रयोग किया जा सकता है। सरकार हर तरह से लोगों की मदद करने के लिए तैयार है।

### टक्कर मारने वाले बाइक सवार पर मुकदमा

विकासनगर (संवाददाता)। विगत नवंबर माह में ढालीपुर गांव के पास हुए दुर्घटना मामले में पुलिस ने तहरीर के बाद बाइक सवार पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल विनोद गुसाईं ने बताया कि अंकुश पुत्र लखविंद्र सिंह निवासी ग्राम भाटावाली ने थाना पांवटा ने तहरीर दी है। तहरीर में बताया कि 1 नवंबर 2025 को शाम करीब साढ़े पांच बजे वह अपने बाइक से विकासनगर से पांवटा साहिब की ओर जा रहे थे। तभी ढालीपुर गांव के पास सामने से आ रही मोटरसाइकिल के चालक ने लापरवाही से गलत दिशा में आकर उनके वाहन को जोरदार टक्कर मार दी।

## दून में जल्द आधुनिक ईवी मिनी बस शटल सेवा प्रारंभ

देहरादून (संवाददाता)। परेड ग्राउंड में निर्मित ऑटोमेटेड पार्किंग जनमानस को समर्पित होने से शहर को जाम से राहत मिलेगी । परेड ग्राउंड में 111 वाहन क्षमता वाली ऑटोमेटेड पार्किंग का विधिवत लोकार्पण कर दिया गया है। यह आधुनिक पार्किंग सुविधा लगभग 472.23 लाख की लागत से निर्मित की गई है। जल्द ही आधुनिक ईवी मिनी बस शटल सेवा प्रारंभ की जाएगी। डीएम सविन बंसल द्वारा शहर में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने एवं नागरिकों को सुव्यवस्थित पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह योजना तैयार की गई। प्रशासन ने शहर के विभिन्न स्थानों पर चरणबद्ध तरीके से ऑटोमेटेड पार्किंग का निर्माण कराया है। जिससे शहरी यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ बनाया जा सके। योजना के अंतर्गत शहर में कुल तीन प्रमुख ऑटोमेटेड पार्किंग स्थल विकसित किए गए हैं, जिनमें परेड ग्राउंड (111 वाहन क्षमता), तिब्बती मार्केट (132 वाहन क्षमता), कोरोनेशन (18 वाहन क्षमता) शामिल हैं। डीएम बंसल ने बताया कि इन पार्किंग सुविधाओं को और अधिक प्रभावी एवं नागरिक हितैषी बनाने के लिए प्रशासन द्वारा अभिनव पहल की गई है। शहर में फ्री सखी कैब सेवा संचालित की जा रही है। इस सेवा के अंतर्गत जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, देहरादून को नई ईवी वाहन (टाटा पंच) उपलब्ध कराए गए हैं, जिनके माध्यम से पार्किंग में वाहन खड़ा करने वाले वाहन स्वामियों को नजदीकी व्यस्त एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों तक निःशुल्क आवागमन की सुविधा प्रदान की जा रही है। शहर में सार्वजनिक परिवहन को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से जल्द ही आधुनिक ईवी मिनी बस शटल सेवा प्रारंभ की जाएगी। यह सेवा पार्किंग स्थलों से प्रमुख गंतव्यों तक आवागमन को आसान बनाएगी।

## उत्तरांचल विश्वविद्यालय में खुला ‘जेन जी’ डाकघर

देहरादून (संवाददाता)। उत्तरांचल विश्वविद्यालय के परिसर में मंगलवार को आस्था और आधुनिकता का अनूठा मेल देखने को मिला। विश्वविद्यालय में भव्य मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही राजधानी के पहले श्जेन-जीश डाकघर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल (उत्तराखंड) शशि शालिनी कुजूर और विशिष्ट अतिथि विवि संचालन समिति की उपाध्यक्षा अनुराधा जोशी ने डाकघर का शुभारंभ किया। विश्वविद्यालय के अध्यक्ष जितेन्द्र जोशी ने मंदिर में श्री शिव परिवार, राम दरबार और माता सरस्वती की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा की। इस अवसर पर वे अपने पिता स्वर्गीय सुरेशानंद जोशी (जो डाक सेवा में कार्यरत थे) को याद कर भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि उनके कार्यालय के बाहर बना यह पोस्ट ऑफिस उन्हें सदैव उनके पिता के संघर्षों और आशीर्वाद की याद दिलाएगा।छात्रों को कैंपस में मिलेंगी डिजिटल डाक सेवाएंमुख्य पोस्ट मास्टर जनरल कुजूर ने बताया कि यह श्जेन-जीश काउंटर परंपरा और आधुनिकता के बीच सेतु बनेगा। इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को पार्सल, आधार अपडेशन और डिजिटल वित्तीय सेवाएं अब कैंपस के भीतर ही मिल सकेंगी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की थीम पर आधारित श्माय स्टाम्पश और विशेष आवरण का विमोचन भी किया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष अंकिता जोशी, कुलपति प्रो. धर्मबुद्धि और प्रो. राजेश बहुगुणा आदि मौजूद रहे।

---

**संक्षिप्त समाचार...**

### सीएम धामी की अध्यक्षता में होगी बुधवार को संपूर्ण कैबिनेट की पहली बैठक

देहरादून (संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट बैठक होने जा रही है। धामी 2.0 सरकार की यह बैठक कई मामलों में अहम है। चार साल बाद यह पहला मौका है जब मुख्यमंत्री समेत कैबिनेट के 12 के 12 सदस्य बैठक में शामिल होंगे।मालूम हो कि, मानक के अनुसार उत्तराखंड में कैबिनेट में मुख्यमंत्री समेत 12 सदस्य ही हो सकते हैं। धामी 2.0 सरकार के 23 मार्च 2022 को शपथ लेने के बाद से ही कैबिनेट का आकार पूरा नहीं था। तीन पद तब से ही खाली थे। इस बीच वर्ष 2023 में चंदनराम दास की मृत्य और वर्ष 2025 में तत्कालीन वित्त मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल के इस्तीफे से रिक्त पदों की संख्या पांच तक पहुंच गई थी। अभी 21 मार्च को मुख्यमंत्री ने कैबिनेट विस्तार करते हुए पांचों रिक्त पदों पर नियुक्तियां कर दीं हैं।

### टीबी खात्मे के लिए नर्सिंग छात्रों ने निकाली रैली

देहरादून (संवाददाता)। विश्व क्षय रोग दिवस पर स्टेट नर्सिंग कॉलेज, चंदर नगर के छात्रों ने टीबी उन्मूलन के प्रति जागरूकता रैली निकाली। मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मनोज वर्मा ने बताया कि जिले में वर्तमान में 3453 टीबी मरीजों का इलाज चल रहा है, जिनमें से 1597 को शनिक्षय मित्रोंश द्वारा पोषण आहार दिया जा रहा है। जिले में 8 ट्रीटमेंट यूनिट और 23 लैब के जरिए मुफ्त जांच व इलाज जारी है। उन्होंने बताया कि आज से जिले में 100 दिवसीय विशेष अभियान शुरू किया गया है।

# सम्पादकीय

## देश में उलटी बयार

पूंजी अभाव का सामना कर रहे इस देश में उलटी बयार चल रही है। एक ओर राष्ट्रीय सुरक्षा की चिंता छोड़ चीनी पूंजी बुलाई जा रही है, तो दूसरी तरफ भारतीय पूंजी अमेरिका फर्स्ट का एजेंडा साधने जा रही है! भारत ने सामरिक चिंताओं को ताक पर रखते हुए चीनी पूंजी के लिए अपने दरवाजे खोल दिए हैं। तर्क पहले से दिया जा रहा था कि जब विदेशी निवेशक भारत से मुंह मोड़ रहे हैं, भारत के लिए आ सकने वाली चीनी पूंजी का रास्ता रोके रखना ठीक नहीं है। गौरतलब है कि इस वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 3.7 बिलियन डॉलर का शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बाहर गया। इसके अलावा दलील यह भी दी गई कि भारतीय कारखाना क्षेत्र चीनी उपकरणों एवं वस्तुओं पर निर्भर है, इसलिए उनका आयात करने के बजाय सही नीति चीनी कंपनियों के निवेश के जरिए उन्हें लाना होगा। संभवतः इन्हीं तर्कों को मानते हुए केंद्र ने प्रेस नोट-3 को संशोधित किया है, जिसके जरिए अप्रैल 2020 में चीनी पूंजी के निवेश पर रोक लगाई गई थी। ये वो दौर था, जब लद्दाख क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीनी फौज भारतीय इलाकों में जबरन घुसने में जुटी थी। इसलिए प्रेस नोट-3 को महज आर्थिक नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित कदम भी माना गया था। लेकिन उस पर बिना कोई स्पष्टीकरण दिए उस निर्णय को पलट दिया गया है। बहरहाल, इस निर्णय के साथ ही एक दूसरी खबर आई है, जिससे पूंजी अभाव का सामना कर रहे इस देश में चल रही उलटी बयार का अहसास होता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने एलान किया है कि रिलायंस ग्रुप अमेरिका के ब्राउन्सविले में एक बड़ी रिफाइनरी लगाएगा, जिसके लिए 300 बिलियन डॉलर का सौदा हुआ है। ट्रंप ने इसे श्अमेरिकी श्रमिकों, ऊर्जा, एवं दक्षिण टेक्सस के लोगों की बड़ी जीद्ध बताया है; और कहा है कि इससे श्अमेरिकी बाजार में गति आएगी, राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत होगी, ऊर्जा उत्पादन बढ़ेगा, जिससे अरबों डॉलर का आर्थिक लाभ्द्ध अमेरिका को होगा। मतलब यह कि भारत के डेटा और बाजार के बाद अब भारतीय पूंजी श्अमेरिका फर्स्द्ध एजेंडे का हित साधेगी। मुद्दा यह है कि बदले में भारत को क्या मिलेगा? उल्लेखनीय है कि हाल ही में अमेरिकी मंत्री क्रिस्फोटर लैंडो भारत आकर बता चुके हैं कि भारत के विकास में मददगार बनने का अमेरिका का कोई इरादा नहीं है!

# नेतन्याहू ने ट्रंप के जरिए मकसद साधा

हरिशंकर व्यास

ओह! इक्कीसवीं सदी। इस सदी के प्रारंभ की एक तारीख 9/11 की थी। ताजा तारीख 2/28 है। और 26 वर्षों की इस पूरी अवधि के प्रतीक कौन हैं? तब जॉर्ज डब्ल्यू बुश थे। अब डोनाल्ड ट्रंप हैं। और तीसरे प्रतीक इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू हैं। 9/11 के समय नेतन्याहू प्रधानमंत्री नहीं थे। वे 1996 में प्रधानमंत्री थे। उन्होंने ओस्लो समझौते को हाशिए में रख फिलिस्तीनियों के प्रति नया रवैया अपनाया था। उनकी वापसी 9/11 की घटना के वैश्विक प्रभावों का एक परिणाम थी।हां, नेतन्याहू सर्वाधिक लंबे समय से प्रधानमंत्री बने रहने का रिकॉर्ड लिए हुए हैं। वे पहली बार 1996 में प्रधानमंत्री बने। उन्होंने इजराइल के संस्थापक प्रधानमंत्री डेविड बेन-गुरियन (14 मई 1948 को उन्हीं ने इजराइल की स्वतंत्रता की घोषणा की थी।) के कार्यकाल का रिकॉर्ड तोड़ा है। नेतन्याहू का अब तक का कार्यकाल 18 वर्षों का है। तय मानें ईरान पर इजराइल-अमेरिकी हमले तथा 24 घंटे के भीतर ईरानी सुप्रीमो अली खामेनेई की मौत से इसी साल होने वाले चुनावों में भी नेतन्याहू की जीत पक्की है।नेतन्याहू पहले दिन से फिलिस्तीनियों, अरब इस्लामी राजनीति को हैसियत बताने के मकसद में काम करते रहे हैं। और इसमें वे अपनी सफलता की गाथा 28 फरवरी 2026 की तारीख पर बुनेंगे जिस पर इजराइली मतदाताओं का अनिवार्यतः ठप्पा लगेगा।

मैं नेतन्याहू को पहले रख रहा हूं और डोनाल्ड ट्रंप को बाद में। क्योंकि जो हुआ है उसके उत्प्रेरक केवल और केवल नेतन्याहू हैं। कहने वाले कहेंगे कि ट्रंप मवाली हैं और उनकी वजह से वेनेजुएला के बाद ईरान ऑपरेशन हुआ। पर असल खेला नेतन्याहू का रचा हुआ है। उन्होंने पश्चिम एशिया की शक्ल बदली है तो दुनिया के कोई दो अरब (1.9 अरब) मुसलमानों के दिल-दिमाग को भी झिंझोड़ा है। निश्चित ही चिंगारी हमास के (सात अक्टूबर 2023) आतंकी हमले से थी। लेकिन उसके बाद जो हुआ है वह केवल नेतन्याहू की बदौलत है। उन्होंने किसी की कोई चिंता नहीं की। और दुनिया के आगे गाजा का वह लाइव नजारा बनाया जिसे देख हर कोई दहला।और दुनिया भर के मुसलमान पर सर्वाधिक असर। यही इस सदी के 26 वर्षों की हकीकत है। मानों सभ्यताओं में संघर्ष बिना घोषणा के होता हुआ। सोचें, आतंकवाद के खिलाफ राष्ट्रपति बुश के वैश्विक जंग के ऐलान और अफगानिस्तान-इराक पर हमलों के बाद क्या माना गया? खत्म हुए इस्लामी आतंकी और दुनिया सामान्य! लेकिन इजराइल में नेतन्याहू, यूरोप में आतंकियों, इराक-सीरिया में इस्लामी स्टेट और फिर अचानक ट्रंप का उभार क्या था? यों कहने को नेतन्याहू-ट्रंप ने अब्राहम समझौते का झुनझुना बना कर यहूदी इजराइल और इस्लामी देशों में कूटनीतिक रिश्तों की झांकी बनाई लेकिन अंत अनुभव क्या है? कुल परिणाम क्या है?कह सकते हैं समय के साथ भूल जाने वाली घटनाओं का सिलसिला है। यह सही नहीं है। क्योंकि हम 21वीं सदी में हैं। वह बीसवीं सदी अलग थी, जिसमें महायुद्ध हुए। विश्व व्यवस्था बदली। मगर वह सब वैश्विक जनमानस की आंखों के आगे प्रत्यक्ष नहीं था। अमेरिका ऐसा है, यहूदी ऐसे हैं, मुसलमान ऐसे हैं, हिंदू ऐसे हैं, ईसाई ऐसे हैं, ये बाते बीसवीं सदी में जानकार लोग ही सुनते थे। सब सुनी-सुनाई बातें होती थीं। पश्चिम एशिया में कभी क्रूसेड हुआ। मुस्लिम हमलावर निर्मम हैं या यूरोपीय देश लुटेरे हैं, औपनिवेशिक ताकतें और पूंजीपति शोषक हैं ये तमाम बातें आम जन मानस से दूर थी, जबकि इक्कीसवीं सदी में दुनिया एक गांव है। सब कुछ लाइव है। आज पृथ्वी के आठ अरब लोगों के आगे सब लाइव घटता हुआ है। सो, दुनिया के आगे नेतन्याहू के भी पल-पल दर्शन हैं तो अली खामेनेई, लादेन, बगदादी, ट्रंप, मोदी, पुतिन, शी जिनपिंग आदि भी कैमरे के जरिए आंखों के आगे साक्षात हैं।इसलिए नेतन्याहू ने 2023 से अब तक जो किया है वह वैश्विक स्मृतियों में, मुस्लिम आबादी में आंखों देखी दर्ज है। नेतन्याहू और ट्रंप को गलतफहमी है कि अली खामेनेई और ईरान को शैतान करार देकर मारा है तो मुसलमान उनका जयकारा करेगा। मेरा मानना है कि ट्रंप प्रशासन का यह सोचना ही बेवकूफी भरा है कि ईरान के लोग उसके लोकतंत्र बनवाने के मिशन की वाह करेंगे। इसलिए हर खाड़ी देश ने ट्रंप प्रशासन को समझाना चाहा कि ईरान पर हमला न करें। इसके पीछे कतर, ओमान, कुवैत, बहरीन को जहां अपनी सुरक्षा की चिंता थी वही मुस्लिम जनमानस की भी चिंता थी। पृथ्वी के दो अरब लोगों ने पिछले तीन वर्षों में गाजा को जैसा लाइव देखा है, वे भला कैसे ईरान पर हमले को ईरानी लोगों की भलाई का का काम मानेंगे।बहरहाल, नेतन्याहू ने जो चाहा वह कर दिखाया। ट्रंप के कंधे से ईरान पर वार का मुकाम ऐतिहासिक है। और ऐतिहासिक मायने इस्लाम, इस्लामी राजनीति, इस्लामी धर्मसत्ता के सभी पहलूओं में गंभीर है। मुझे नहीं लगता कि ईरान के नौ करोड़ शिया मुसलमान अपने धर्म की धर्मसत्ता छोड़ धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र को अपनाएंगे? ईरान वेनेजुएला नहीं है। न ही मिस्र, तुर्की या इंडोनेशिया है। वजह ईरान का दुनिया के कोई 20-25 करोड़ शियाओं का धर्मतीर्थ होना भी है। दुनिया भर से लाखों की संख्या में शिया हर साल ईरान के तीर्थ कर्बला, नजफ, मशहद, कोम पहुंचते हैं।

# डिजिटल युग में ठगी के बढ़ते जाल से कैसे मिलेगी निजात

सौरभ वार्ष्णेय

देश की राजधानी दिल्ली आज सिर्फ राजनीतिक और प्रशासनिक केंद्र ही नहीं, बल्कि साइबर और वित्तीय अपराधों का भी बड़ा केंद्र दिखाई दे रही है। प्रतिदिन औसतन 50 लाख रुपये की ठगी के मामलों का सामने आना न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि यह कानून-व्यवस्था और डिजिटल सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यह आंकड़े एक दैनिक अखबार में प्रकाशित किये गए हैं जो चौंकाने वाले दिख रहे हैं। वर्ष 2025 में 184 मामले दर्ज किये गए हैं, लगभग 70,64,80,424 रूपये (30 जून तक) तक ठग लिए गये हैं। इससे पिछले वर्ष 2024 में 1,591 मामले दर्ज हुए और 8,17,64,85,471 रूपये ठग लिए गए। आज ठगी से कैसे बचे ? अभी गैस की क्या कमी हुई ठगों ने इस आपदा को अवसर बना लिया। इस डिजिटल युग में ठगी के बढ़ते जाल से कैसे निजात मिलेगी तो विशेषज्ञों का कहना है कि जागरुकता और सतर्कता सावधानी जरूरी है।दिल्ली जैसी राजधानी में दिल्ली पुलिस अच्छा कार्य कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में तकनीक के विस्तार के साथ ठगी के तरीके भी बेहद परिष्कृत हो गए हैं। पहले जहां जेबकतरी और साधारण धोखाधड़ी आम थी, वहीं अब ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल, अपडेट के नाम पर ठगी, और निवेश के झांसे जैसे अपराध तेजी से बढ़े हैं। आम नागरिक, विशेषकर बुजुर्ग और डिजिटल रूप से कम जागरूक लोग, इन ठगों का आसान शिकार बन रहे हैं। दिल्ली पुलिस और अन्य एजेंसियां लगातार जागरूकता अभियान चला रही हैं, लेकिन अपराधियों की चतुराई और तकनीकी दक्षता कई बार इन प्रयासों पर भारी पड़ती है। अपराधी अक्सर विदेशी सर्वर, फर्जी सिम कार्ड और डिजिटल वॉलेट्स का इस्तेमाल कर अपनी पहचान छिपा लेते हैं, जिससे जांच और गिरफ्तारी में कठिनाई आती है।यह स्थिति कई स्तरों पर चिंता पैदा करती है। पहला, आम जनता का डिजिटल लेनदेन पर विश्वास कमजोर होता जा रहा है। दूसरा, देश की आर्थिक सुरक्षा पर इसका असर पड़ता है। तीसरा, कानून प्रवर्तन एजेंसियों की क्षमता और संसाधनों पर भी प्रश्न उठते हैं।समाधान के लिए बहुस्तरीय रणनीति आवश्यक है। सबसे पहले, साइबर अपराध से निपटने के लिए पुलिस बल को अत्याधुनिक तकनीक और प्रशिक्षण से लैस करना होगा। दूसरे, बैंकों और डिजिटल पेमेंट कंपनियों को अपनी सुरक्षा प्रणाली को और मजबूत बनाना होगा। तीसरे, स्कूलों और सामाजिक मंचों के माध्यम से डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि लोग ठगी के नए-नए तरीकों से परिचित हो सकें।इसके अलावा, सरकार को सख्त कानून और त्वरित न्याय व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी, ताकि अपराधियों में डर पैदा हो। साथ ही, आम नागरिकों को भी सतर्क रहना होगाद्धअनजान कॉल, लिंक या ऑफर पर भरोसा करने से पहले पूरी जांच करना जरूरी है।हाल के महीनों में दिल्ली पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर संयुक्त आयुक्त रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में ऑपरेशन साई-हॉक के तहत दिल्ली और पड़ोसी राज्यों में बड़े पैमाने पर छापेमारी की गई। इस ऑपरेशन का उद्देश्य उन कॉल सेंटरों और गिरोहों को नेस्तनाबूद करना था जो फर्जी केवाईसी, लॉटरी और निवेश के नाम पर लोगों को लूटते हैं। इस कार्रवाई के बाद साइबर अपराधों की दर में गिरावट दर्ज की गई। अब जांच टीम के विस्तार से इस पकड़ को और मजबूत किया जा सकेगा।यह समझना होगा कि डिजिटल युग में सुरक्षा केवल सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह ठगी का जाल और भी व्यापक रूप ले सकता है, जिससे न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक विश्वास भी प्रभावित होगा।यह आंकडे तो दिल्ली के है देश भर में यह ठगी का आंकडा बड़ा भी हो सकता है। लेकिन सतर्कता सावधानी जरूरी है।डिजिटल ठगी से कैसे निजात पाएंडिजिटल युग ने जहां हमारी जिंदगी को आसान बनाया है, वहीं ठगों के लिए नए रास्ते भी खोल दिए हैं। आज मोबाइल, इंटरनेट और ऑनलाइन बैंकिंग के बढ़ते उपयोग के साथ डिजिटल ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

# मिलेट्स और कृषि गतिविधियां बन रहे सहकारिता के मजबूत आधार

## - रेशम, साइलेज व सामूहिक खेती से मजबूत होगी किसानों की आर्थिकी

देहरादून (संवाददाता)। उत्तराखंड में सहकारिता के माध्यम से बहुउद्देशीय सहकारी समितियों को सशक्त बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से व्यापक कार्य किया जा रहा है। कृषि, मिलेट्स, रेशम उत्पादन, सब्जी क्रय, बायोफर्टिलाइजर वितरण, साइलेज विक्रय और सामूहिक सहकारी खेती जैसी गतिविधियों से समितियों की आय में भी निरंतर वृद्धि हो रही है तथा किसानों और ग्रामीण परिवारों को आर्थिक रूप से मजबूती मिल रही है। राज्य में मिलेट्स मिशन के अंतर्गत 214 क्रय केंद्रों के माध्यम से लगभग 53,000 कुंतल मंडुवा की खरीद की गई है। इस खरीद पर सहकारी समितियों को घ100 प्रति कुंतल सेवा शुल्क के आधार पर लगभग घ53 लाख की आय प्राप्त हुई है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री घसियारी कल्याण योजना के अंतर्गत सहकारी समितियों के माध्यम से साइलेज का वितरण किया जा रहा है। राज्य में कुल 181 केंद्रों (गढ़वाल में 96 और कुमाऊं में 85) के माध्यम से लगभग 20,000 टन उच्च गुणवत्ता का साइलेज विक्रय किया गया है, जिससे सहकारी समितियों को लगभग घ63 लाख की आय प्राप्त हुई है। उत्तराखंड सहकारी संघ के माध्यम से टिहरी और उत्तरकाशी जनपदों में पांच सहकारी समितियों द्वारा किसानों से सीधे सब्जियों की खरीद की जा रही है। वर्तमान वर्ष में अब तक किसानों से लगभग घ1.50 करोड़ मूल्य की सब्जियों की खरीद की जा चुकी है, जिन्हें बाजार में बेहतर मूल्य पर विक्रय किया गया है। इस प्रक्रिया में सहकारी समितियों को लगभग घ3 लाख की आय प्राप्त हुई है। आगामी 1 अप्रैल से 22 सहकारी समितियों के माध्यम से सब्जी क्रय कार्य का विस्तार किया जाएगा, जिससे समितियों को 2 प्रतिशत लाभांश प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त बायोफर्टिलाइजर के क्रय-विक्रय में भी सहकारी समितियां सक्रिय रूप से भागीदारी निभा रही हैं, जिससे 14 समितियों को लगभग घ68.38 लाख की आय प्राप्त हुई है। माधो सिंह भंडारी सामूहिक सहकारी खेती योजना के अंतर्गत अनुपयोगी भूमि को उपयोग में लाते हुए फूलों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। वर्तमान में चमोली और पौड़ी जनपद में लगभग 500 नाली भूमि पर गुलाब और ग्लेडियोलस के फूलों की खेती सहकारी समितियों के माध्यम से की जा रही है। अब तक इस पहल से समितियों को लगभग घ10 लाख की आय प्राप्त हो चुकी है और भविष्य में इसे व्यापक स्तर पर लागू करने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है।इसी क्रम में धान खरीद कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य की 115 गृह सहकारी समितियों को लगभग घ63 लाख की आय प्राप्त हुई है। सहकारिता क्षेत्र में रेशम उत्पादन भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उत्तराखंड को-ऑपरेटिव रेशम फेडरेशन अपने सदस्य कीटपालन सहकारी समितियों के माध्यम से कच्चे रेशम कोया का उत्पादन कराता है और जिन कीटपालकों को अपने उत्पाद के विपणन में कठिनाई होती है, उन्हें 100 प्रतिशत विपणन सुविधा और त्वरित भुगतान उपलब्ध कराया जाता है। वर्तमान में राज्य में लगभग 6500 रेशम कीटपालक रेशम उत्पादन से जुड़े हुए हैं। इनमें से लगभग 4000 कीटपालकों से फेडरेशन द्वारा करीब 25,000 किलोग्राम कच्चे रेशम कोया की खरीद की जाती है। इस कच्चे रेशम को पूर्ण उत्पादन श्रृंखला में उपयोग करते हुए विभिन्न प्रकार के रेशमी उत्पाद तैयार किए जाते हैं। फेडरेशन के माध्यम से वर्तमान में 150 से अधिक बुनकर परिवारों को रेशम बुनाई के कार्य से जोड़ा गया है, जिससे प्रतिवर्ष लगभग 15,000 से अधिक मानव दिवसों का रोजगार सृजित हो रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्तराखंड को-ऑपरेटिव रेशम फेडरेशन द्वारा लगभग 6.30 करोड़ मूल्य के रेशम उत्पादों का उत्पादन किया गया, जबकि 2.53 करोड़ के रेशम वस्त्रों का विक्रय किया गया। उत्तराखंड सहकारी संघ के प्रबंध निदेशक आनंद शुक्ला ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से किसानों, कीटपालों और बुनकरों को बाजार से जोड़ने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मिलेट्स, सब्जी क्रय, बायोफर्टिलाइजर, रेशम उत्पादन और सामूहिक खेती जैसी गतिविधियों से सहकारी समितियों की आय में वृद्धि हो रही है और भविष्य में इन गतिविधि यों का और अधिक विस्तार किया जाएगा।बयान-राज्य सरकार लक्ष्य प्रदेश में सहकारी समितियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर सहकारिता आंदोलन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। सहकारिता का सीधा लाभ किसानों, काश्तकारों, कारीगरों और युवा उद्यमियों को मिले इसके लिये ठोस नीतियां तैयाकर कर धरातल पर उतारी जा रही है। - डॉ. धन सिंह रावत, सहकारिता मंत्री, उत्तराखंड।

# जिज्ञासा यूनिवर्सिटी में हुआ राष्ट्रीय मीडिया कॉन्क्लेव का आयोजन

देहरादून (संवाददाता)। जिज्ञासा यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन द्वारा मंगलवार को "भारत में बदलता मीडिया परिदृश्य: चुनौतियां, अवसर और नवाचार" विषय पर राष्ट्रीय मीडिया कॉन्क्लेव का सफल आयोजन किया गया, जिसमें मीडियाकर्मियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) गोविंद सिंह, चेयरमैन, मीडिया एडवाइजरी कमेटी, उत्तराखंड सरकार ने बदलते मीडिया परिदृश्य पर अपने विचार रखते हुए कहा कि वर्तमान समय में मीडिया तेजी से डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की ओर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने बताया कि सूचना के प्रसार की गति बढ़ी है, लेकिन इसके साथ ही फेक न्यूज और विश्वसनीयता की चुनौतियां भी सामने आई हैं। उन्होंने मीडिया में तकनीकी नवाचार को अपनाने और निष्पक्ष पत्रकारिता को बनाए रखने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने युवाओं को जिम्मेदार और जागरूक मीडिया पेशेवर बनने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिज्ञासा यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट प्रोफेसर (डॉ.) इरफान खान एवं मेंबर, बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट मनीष रस्तोगी ने मीडिया और छात्रों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के विद्यार्थियों को मीडिया के बदलते स्वरूप को समझना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छात्रों को सत्यता, नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए अपने करियर का निर्माण करना चाहिए तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) शंकर रामामूर्ति ने कहा कि आज के दौर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने कंटेंट निर्माण को अधिक तेज, सटीक और प्रभावी बना दिया है। एआई के माध्यम से रचनात्मकता को नई दिशा मिल रही है और यह मीडिया एवं संचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन के डीन प्रोफेसर (डॉ.) सुरेश चंद्र नायक ने मीडिया एथिक्स, लोकतंत्र और जिम्मेदारियों पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि एक सशक्त लोकतंत्र के लिए स्वतंत्र और जिम्मेदार मीडिया अत्यंत आवश्यक है।कॉन्क्लेव के अंतर्गत एक पैनल चर्चा का भी आयोजन किया गया, जिसमें मीडिया विशेषज्ञों ने बदलते मीडिया ट्रेंड्स, डिजिटल कंटेंट क्रिएशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि डिजिटल युग में टीवी और प्रिंट पत्रकारिता भी तेजी से बदलाव के दौर से गुजर रही है और अब सभी माध्यमों का एकीकरण आवश्यक हो गया है। विशेषज्ञों ने गुणवत्ता युक्त कंटेंट, विश्वसनीयता और तकनीकी दक्षता को भविष्य की मीडिया की प्रमुख आवश्यकता बताया।कार्यक्रम में उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों से प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अंत में मीडिया क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मीडियाकर्मियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। आखिर में रजिस्ट्रार इंचार्ज डॉ योगेश नंदा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम का संयोजन नवनीश भारद्वाज एवं राहुल गैरोला ने किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन सोनिया चमोली द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के डीन, फैकल्टी सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार...

### टीबी के लक्षणों को न करें नजरअंदाज

देहरादून (संवाददाता)। विश्व क्षय रोग दिवस पर मैक्स अस्पताल के विशेषज्ञों ने बीमारी के प्रति जागरूकता और सटीक उपचार पर जोर दिया है। श्वास रोग विभाग के मुख्य परामर्शदाता डॉ. विवेक कुमार वर्मा ने बताया कि लगातार खांसी, बुखार, वजन कम होना और रात में पसीना आना टीबी के शुरुआती संकेत हो सकते हैं। इन्हें नजरअंदाज करने से बीमारी गंभीर रूप ले सकती है। डॉ. वर्मा ने चेतावनी दी कि दवा का कोर्स बीच में छोड़ना घातक है, क्योंकि इससे दवा-प्रतिरोधी टीबी होने का खतरा रहता है।

### नर्सिंग बेरोजगारों का धरना 110 दिन से जारी, बढ़ रहा आक्रोश

देहरादून (संवाददाता)। वर्षवार भर्ती की मांग को नर्सिंग बेरोजगारों का मंगलवार को धरना 110वें दिन भी जारी रहा। अभ्यर्थियों ने सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि ठोस निर्णय न होने से हजारों युवाओं का भविष्य अधर में है और कई अभ्यर्थी अब आयु सीमा पार करने की स्थिति में पहुंच चुके हैं। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग है कि रिक्त पदों को आईपीएचएस मानकों के आधार पर नियमित वर्षवार क्रम में भरा जाए। अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी कि मांग पूरी होने तक आंदोलन समाप्त नहीं होगा। इस दौरान नवल पुंडीर, सरिता जोशी, प्रवेश रावत, स्तुति, प्रिया, भास्कर और नितेश व्यास सहित कई अभ्यर्थी मौजूद रहे।

### शिवालिक कॉलेज के कृषि छात्रों ने किया किसान मेले का भ्रमण

देहरादून (संवाददाता)। शिवालिक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के बी. एससी. कृषि प्रथम वर्ष के छात्रों ने उत्तरांचल विश्वविद्यालय में आयोजित किसान मेले का शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को आधुनिक खेती, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन और नर्सरी प्रबंधन जैसी उन्नत तकनीकों से रूबरू कराना था। विशेषज्ञों से बातचीत कर छात्रों ने कृषि नवाचार और स्टार्टअप की संभावनाओं को समझा। इस सफल आयोजन के लिए संस्थान परिवार ने निदेशक प्रो. (डॉ.) टी.एस. सिंधु, एकेडमिक हेड और समस्त संकाय सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता को मिल रहा

विकासनगर (संवाददाता)। ब्लाक सभागार में आयोजित जन जन की सरकार के चार साल बेमिसाल कार्यक्रम में उत्तराखंड जनजाति सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष गीताराम गौड़ ने सरकार की उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखा। गौड़ ने कहा कि चार वर्षों में सरकार ने प्रदेश में अनेक उपलब्धियां अर्जित की हैं, जिनका लाभ आमजन को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जौनसार के प्रवेश द्वार हरिपुर कालसी में यमुना घाट का निर्माण किया जा रहा है जहां हरिद्वार की तर्ज पर यमुना आरती की जाएगी।

# श्रीगढ़ गांव से हटेगी पाइप लाइन, समझौते के बाद मरम्मत कार्य शुरू

चमोली (संवाददाता)। श्रीगढ़ गांव में पोखरी पेयजल योजना की पाइप लाइन का कार्य जल संस्थान और ग्रामीणों के बीच समझौते के बाद शुरू हो गया। समझौते के अनुसार जल संस्थान 10 जून तक पाइप लाइन को गांव से बाहर शिफ्ट कर देगा। पोखरी नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल लाइन का पाइप रविवार शाम को श्रीगढ़ गांव में फट गया था। तेज प्रेशर के साथ निकला पानी लोगों के घरों में जा घुसा और पैदल रास्तों को नुकसान हुआ। सोमवार को जब जल संस्थान ने लाइन की मरम्मत का कार्य शुरू किया तो ग्रामीणों ने कार्य रुकवा दिया। ग्रामीणों ने सुरक्षा को देखते हुए पेयजल लाइन को गांव से बाहर शिफ्ट करने की मांग की। काफी प्रयासों के बाद भी सोमवार को मामला सुलझ नहीं पाया। मंगलवार को जल संस्थान के अधिकारियों की मौजूदगी में ग्रामीणों के साथ बैठक हुई और ग्रामीणों के साथ समझौता किया गया। इसके बाद जल संस्थान ने लाइन मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया। अवर अभियंता मनमोहन सिंह राणा ने बताया कि समझौते के बाद कार्य तेजी से किया जा रहा है। जल्द आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी। वार्ता के दौरान जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता सुशील कुमार सैनी, सहायक अभियंता जगदीश पंवार, ग्राम प्रधान कल्पना देवी, महिला मंगल दल अध्यक्ष रजनी देवी, मधु देवी, सरिता देवी, सौरभ बर्त्वाल, रमेश सिंह बर्त्वाल आदि मौजूद रहे।इन बिंदुओं पर हुआ लिखित समझौता- पेयजल लाइन को 10 जून से पूर्व गांव से बाहर शिफ्ट की जाएगी। नई लाइन बिछाने के एक माह में पुरानी लाइन को हटा दिया जाएगा। तब तक लाइन की मरम्मत के बाद आपूर्ति शुरू होगी। रास्ते आदि का जो भी नुकसान होगा उसकी भरपाई जल संस्थान करेगा।-पेयजल लाइन से होने वाले खतरे को देखते हुए गांव में एक व्यक्ति की तैनाती की जाएगी।- पाइप लाइन फटने से जयपाल सिंह के घर की दीवार और लीला देवी के छत को नुकसान पहुंचा है साथ ही पैदल रास्ता भी क्षतिग्रस्त हुआ है। विभाग की ओर से इसकी भरपाई की जाएगी।- लाइन शिफ्ट करने की अवधि के बीच यदि पाइप लाइन फटने से कोई क्षति होती है तो इसका भुगतान विभाग की ओर से किया जाएगा।पेयजल आपूर्ति ठप होने पर व्यापारियों ने किया प्रदर्शनपोखरी। दो दिन से नगर क्षेत्र के साथ ही आसपास के गांवों में पेयजल आपूर्ति ठप है। इसके विरोध में स्थानीय व्यापारियों व जनप्रतिनिधियों ने जल संस्थान और प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। उन्होंने नगर की पेयजल आपूर्ति शीघ्र बहाल करने की मांग उठाई। स्थानीय व्यापारियों ने कहा कि दो दिन से नगर में पानी की आपूर्ति ठप है। लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। दो दिन से लाइन क्षतिग्रस्त हो रखी है, लेकिन विभाग उसे अभी तक दुरुस्त नहीं कर पाया है। कहा कि यदि जल्द पानी की सप्लाई सुचारू नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में जिला पंचायत सदस्य व व्यापार मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राणा, अधिवक्ता श्रवण सती, विष्णु प्रसाद चमोल, महावीर बासकंडी आदि मौजूद रहे।

# डिप्लोमा इंजीनियर्स ने तहसील में किया प्रदर्शन

चमोली (संवाददाता)। कनिष्ठ अभियंताओं को 2006 से 4600 का ग्रेड पे देने, पूरी सेवाकाल में पात्रता के अनुसार कम से कम तीन प्रोन्नति देने, एनपीएस या ओपीएस की जगह पुरानी पेंशन देने समेत 27 सूत्री मांगों के लिए डिप्लोमा इंजीनियर्स की अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। जिला मुख्यालय के साथ ही तहसील स्तर पर प्रदर्शन करते हुए उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द मांगों पर उचित कार्रवाई की मांग की। मंगलवार को दूसरे दिन सभी डिप्लोमा इंजीनियर्स जिला मुख्यालय में लोनिवि के निरीक्षण भवन परिसर में धरने पर बैठे। हड़ताल से वित्तीय वर्ष के आखिरी दिनों में विभागों में कार्यों को पूरा करने की चुनौती खड़ी हो गई है। उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती आंदोलन जारी रखेंगे। इस दौरान अंकित बिष्ट, शालिनी रावत, उत्तम सिंह, राजेश कुमार, मनोज सिंह, नरेंद्र सिंह, प्रहलाद सिंह, सोनम पंवार, अंजली डंगवाल, वंदना, वंदना सहित अन्य इंजीनियर मौजूद रहे। वहीं पोखरी में लोनिवि कार्यालय परिसर में धरना दिया गया। इस दौरान सहायक अभियंता ज्योति सिंह रावत, शुभम मलेठा, अंकित पंवार, अमित पंवार और सुनीत आदि मौजूद रहेहड़ताल से विभागों में ठप रहा कामकर्णप्रयाग। 27 सूत्री मांगों को लेकर उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। हड़ताल के कारण विभागों में भी अधिकतर कार्य ठप रहा। मंगलवार को लोनिवि विश्राम गृह में धरने पर बैठे शाखा अध्यक्ष विपिन नौटियाल ने कहा कि मांगों को लेकर वे कई समय से आंदोलन कर रहे हैं।

## आपदा के दौरान आंदोलन करने पर दर्ज मुकदमों से सभी बरी

चमोली (संवाददाता)। वर्ष 2023 में नगर में आई आपदा के दौरान आंदोलन करने पर पुलिस की ओर से आंदोलनकारियों पर मुकदमे दर्ज किए गए थे। अदालत ने मंगलवार को सभी 21 आंदोलनकारियों को मामले में दोषमुक्त कर दिया। आंदोलनकारियों ने इसे सत्य की जीत बताते हुए अदालत का आभार जताया। ज्योतिर्मठ में 2023 में भू-धंसाव के दौरान जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति ने कई दिनों तक आंदोलन किया था। नगर क्षेत्र से तहसील परिसर तक रैली निकलने के साथ मशाल जुलूस आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसको लेकर ज्योतिर्मठ पुलिस ने विभिन्न आंदोलनकारियों पर मुकदमे दर्ज किए थे। जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक अतुल सती ने बताया कि आपदा के दौरान नगर को बचाने व प्रभावितों के हकहकूक की लड़ाई लड़ी गई।

# ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर हादसा: कार पर गिरा बोल्डर, बाल-बाल बचे दंपती

नई टिहरी (संवाददाता)। ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर बगड़धार में बड़ा हादसा होने से बच गया। चलती कार के ऊपर पहाड़ी से अचानक बोल्डर जा गिरा। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। कार सवार पति-पत्नी किसी तरह से सकुशल कार से बाहर निकले। स्थानीय लोगों ने बीआरओ की इस लापरवाही पर कड़ा आक्रोश जताया। हाईवे पर बगड़धार में इन दिनों भूस्खलन वाले स्थान पर मरम्मत का कार्य चल रहा है। बताया जा रहा है कि दोपहर दो बजे करीब जब मजदूर भोजन कर रहे थे इसी दौरान ऋषिकेश से नई टिहरी जा रही एक कार के ऊपर पहाड़ से पत्थर गिरा। कार में ई ब्लॉक नई टिहरी निवासी महेश पंवार व उनकी पत्नी सवार थी।

थानाध्यक्ष देवराज शर्मा ने बताया कि कार सवार दोनों लोगों को किसी तरह की चोटें नहीं आई है। उन्हें घबराहट के कारण बेचैनी हो रही थी। इसलिए उन्हें श्रीदेव सुमन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब हाईवे पर मरम्मत कार्य चल रहा तो बीआरओ को वहां पर ट्रैफिक रोकने के लिए कर्मचारी तैनात करने चाहिए। जिस समय कार के ऊपर पत्थर गिरा उस वक्त बीआरओ को कोई भी कर्मचारी सड़क पर नहीं था। बीआरओ के सहायक अभियंता सुरेंद्र सिंह रावत का कहना है कि सड़क सुधारीकरण का कार्य चल रहा है, लोग जल्दी बाजी में रहते है। लोग वहां बिना रुके ही वाहनों को आरपार करने में लगे रहते है।

## सिलिंडर के लिए गैस एजेंसी के बाहर लगी लंबी लाइन

रुद्रप्रयाग (संवाददाता)। आनंद इंडेन गैस एजेंसी में मंगलवार को गैस सिलिंडर लेने पहुंचे उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही एजेंसी परिसर में लंबी कतारें लग गई और कई लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा। मगर कुछ उपभोक्ताओं को बिना सिलिंडर लिए ही लौटना पड़ा। उपभोक्ता अजय अग्रवाल ने बताया कि पिछले कई दिनों से गैस सिलिंडर के लिए परेशान हैं। रोज यहां आ रहे हैं लेकिन सिलिंडर नहीं मिल रहा है। इससे घर के कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। वहीं इस संबंध में एजेंसी प्रबंधक रॉबिन चौधरी ने बताया कि गैस वितरण बुकिंग के अनुसार किया जा रहा है और सभी उपभोक्ताओं को क्रमवार सिलिंडर दिए जा रहे हैं। गैस आपूर्ति की गाड़ी जलई, सुरसाल, मचकंडी और कंडारा गांवों में भी भेजी गई है जहां स्थानीय स्तर पर वितरण किया जा रहा है।

## कंडारा गांव को नशामुक्त बनाने का संकल्प

रुद्रप्रयाग (संवाददाता)। कंडारा ग्राम सभा में नशा मुक्त अभियान के तहत गांव में शराब पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। ग्राम सभा की बैठक में पुलिस टीम को भी बुलाया गया। थाना प्रभारी गुमान सिंह नेगी ने स्पष्ट किया कि गांव में किसी के भी नशे के कारोबार में लिप्त पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने कहा कि नशे के कारण गांव का माहौल बिगड़ रहा है। युवा और बच्चे इसकी चपेट में आ रहे हैं जिससे परिवारों में झगड़े और सामाजिक समस्याएं बढ़ रही हैं। इसी को देखते हुए गांव को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अजयबीर भंडारी, ग्राम प्रधान अंजू देवी भंडारी, महिला मंगल दल अध्यक्ष संतोषी बिष्ट, सामाजिक कार्यकर्ता मनोज नेगी आदि मौजूद रहे।

## आपदा से बचाव और राहत कार्यों के बारे में बताया

रुद्रप्रयाग (संवाददाता)। विकासखंड ऊखीमठ के ग्राम पंचायत रांसी में आपदा प्रबंधन पर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीडीआरएफ ऊखीमठ की टीम ने ग्रामीणों और छात्रों को आपदा से बचाव और राहत कार्यों की जानकारी दी। प्रशिक्षण में भूकंप, बाढ़ और आग जैसी आपदाओं के दौरान सुरक्षित रहने की तकनीकों के बारे में बताया गया। वहीं आपदा से पहले की तैयारी, आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार, सीपीआर, स्ट्रेचर बनाना और सुरक्षित निकासी के तरीकों का भी अभ्यास कराया गया। साथ ही जंगली जानवरों से बचाव और आग से सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में प्रधान, स्थानीय नागरिक और इंटर कॉलेज रांसी के छात्र-छात्राओं सहित कुल 43 लोगों ने भाग लिया।

## रामलीला ग्राउंड पार्किंग की टेंडर प्रक्रिया तकनीकी कारणों से निरस्त

रुद्रप्रयाग (संवाददाता)। नगर पंचायत अगस्त्यमुनि में रामलीला ग्राउंड पार्किंग के लिए जारी टेंडर प्रक्रिया तकनीकी कारणों से निरस्त कर दी गई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जारी इस टेंडर को पहले 20 मार्च को खोला जाना था और यह बाद में 23 मार्च को खोला गया। निविदाएं खोलने के बाद तीन प्रतिभागियों को तकनीकी मानकों के आधार पर अयोग्य घोषित किया गया जिस कारण आगे की प्रक्रिया नहीं बढ़ सकी। नगर पंचायत प्रशासन के अनुसार तकनीकी जांच में दस्तावेजों में निर्धारित मानकों का पालन नहीं होने के कारण तीन निविदाएं निरस्त की गईं। इसके बाद केवल एक वैध निविदा बचने की स्थिति बनी जिस पर नियमानुसार निर्णय लिया गया। एक अन्य प्रतिभागी दिनेश बैंजवाल ने दावा किया कि उनके दस्तावेजों में कोई कमी नहीं थी फिर भी टेंडर निरस्त किया गया। इस पर अगस्त्यमुनि नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी निकिता भट्ट ने बताया कि निविदा प्रक्रिया शासन के निर्धारित शर्तों के अनुसार संचालित की जाती है। यदि एक ही निविदा प्राप्त होती है या तकनीकी मूल्यांकन में एक ही निविदा योग्य पाई जाती है तो उसे सिंगल रिस्पॉन्स मानते हुए निविदा निरस्त कर पुन: आमंत्रित किया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसी प्रावधान के तहत टेंडर को निरस्त किया गया है। नई निविदा के लिए विज्ञप्ति जारी कर दी गई है।

## 35 लोगों ने कराए एक्स-रे, 10 ने किया रक्तदान

रुद्रप्रयाग(संवाददाता)। विश्व टीबी दिवस पर जनपद में 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान की शुरुआत मंगलवार से शुरू हुई। अभियान के पहले दिन पीजी कॉलेज अगस्त्यमुनि समेत विभिन्न चिकित्सा इकाइयों में स्क्रीनिंग कैंप, गोष्ठी और रक्तदान शिविर आयोजित किए गए शिविर में 35 लोगों ने एक्स-रे जांच व 10 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान यस, वी केन इंड टीबी थीम पर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि से अभियान की शुरुआत डॉ. रामप्रकाश ने की। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अतिथि राजेंद्र प्रसाद गोस्वामी मौजूद रहे। इस दौरान टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के लिए जनमानस से सहयोग देने की अपील की गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० सीमा टेकचंदानी ने बताया कि दो सप्ताह से अधिक खांसी या बुखार होने पर तुरंत जांच करानी जरूरी है और इलाज बीच में नहीं छोड़ना है।

# गैस का वितरण बंद होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा

लालकुआं (संवाददाता)। घरेलू गैस की हो रही किल्लत के बीच आज लालकुआं, बरेली रोड और बिंदुखत्ता क्षेत्र में गैस का वितरण बंद होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वही क्षेत्रीय विधायक डॉ मोहन बिष्ट से इस संबंध में बातचीत नहीं हो पाने और संबंधित अधिकारियों द्वारा ठीक जवाब नहीं देने से स्थिति और विकट होती जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 15 दिन से क्षेत्र में गैस सिलेंडरों को लेकर उपभोक्ताओं द्वारा अत्यधिक हाई तौबा मचाई जा रही है। जिला प्रशासन की देखरेख में सिलेंडरों का क्षेत्र में वितरण किया जा रहा है। गत दिनों ईद और रविवार की छुट्टी के बाद आज मंगलवार को बरेली रोड, बिंदुखत्ता और लालकुआं शहर क्षेत्र में गैस का वितरण ठप रहा, इस संबंध में सुरुचि इंडेन गैस एजेंसी के प्रबंधक जीवन सिंह से बात की गई तो उनका कहना है कि गोदाम में गैस सिलेंडर पूरी तरह समाप्त हो गए हैं, उनके द्वारा आर्डर दिया गया है, और काशीपुर प्लांट में आज उनकी एक गाड़ी लगाई जा रही है, शाम तक सिलेंडर की एक गाड़ी आ जाएगी, जिसमें 360 सिलेंडर होंगे।इधर क्षेत्र में प्रतिदिन 600 से अधिक सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं, जो कि आज पूरी तरह ठप्प रहे। इस संबंध में डीएसओ मनोज बर्मन का कहना है कि वह देहरादून स्थित इंडियन ऑयल के अधिकारियों से वार्ता कर स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। गैस वितरण को लेकर क्षेत्रीय विधायक डॉ मोहन बिष्ट से बात करने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है। जबकि लालकुआं, 25 एकड़, इंदिरानगर बिंदुखत्ता और बरेली रोड क्षेत्र से उपभोक्ता पत्रकारों को फोन करके अपनी परेशानी से रूबरू करा रहे हैं। आज क्षेत्र में गैस वितरण नहीं होने से जहां लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, वही आने वाले समय में गैस की उपलब्धता को लेकर भी लोगों में आशंका घर कर रही है



# दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

उधम सिंह नगर (संवाददाता)। /एसटीएफ की टीम ने उधम सिंह नगर के जसपुर क्षेत्र से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 2 पंप एक्शन गन, 2 पिस्टल (.32 बोर) और 10 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। साथ ही तस्करी में इस्तेमाल की जा रही कार को भी जब्त किया है। जांच में सामने आया है कि यह गैंग उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में सक्रिय था।आरोपी हथियारों को शहजहांपुर से लेकर जसपुर क्षेत्र में बेचने की फिराक में थे। पूछताछ में ये भी खुलासा हुआ है कि इन हथियारों को फर्जी लाइसेंस के जरिए वैध दिखाकर आगे सप्लाई करने की योजना थी। आरोपियों की पहचान शमशेर सिंह (39) निवासी उधम सिंह नगर और सिमरनजीत (37) निवासी उधम सिंह नगर के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक सिमरनजीत पुलभट्टा का हिस्ट्रीशीटर है। जिस पर उत्तराखंड के साथ-साथ यूपी में एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।



# समय प्रबंधन व्यक्तित्व विकास के लिए महत्त्वपूर्णः देवकीनन्दन

रामनगर (संवाददता)। समय प्रबंधन व्यक्तित्व विकास के लिए अति महत्वपूर्ण है यह बात बतौर मुख्य वक्ता भूगोल के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं एनसीसी अधिकारी डॉ.देवकीनन्दन जोशी ने राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के बौद्धिक सत्र में कही। उन्होंने शिविरार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना की मूल भावना से अवगत कराया और समाज सेवा, परोपकार, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन व समय प्रबंधन की महत्ता बताई। इसके पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ.सुमन कुमार व डॉ. ममता भदोला जोशी के निर्देशन में योग एवं लक्ष्य गीत द्वारा दूसरे दिन की शुरुआत हुई। परिसर की सफाई के पश्चात स्वयंसेवियों ने सरदार भगत सिंह को शहीद दिवस पर स्मरण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।सभी स्वयंसेवकों ने भगत सिंह के जीवन के बारे में अपने-अपने विचार प्रकट किए। मंच का सफल संचालन स्वयंसेवी वैशाली ने किया।स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर स्थानीय ग्रामीणों को प्लास्टिक उन्मूलन , जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।ग्राम भ्रमण में स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों से साक्षात्कार कर उनकी समस्याओं को जाना स किशनपुर छोई के ग्राम प्रधान एवं अन्य ग्रामीणों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेविको के इस अभियान की सराहना की। इस दौरान स्वयंसेवियों ने छोई के परंपरागत लघु उद्योग के अंतर्गत घराट पनचक्की में उद्योग कौशल विधि के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। छोटी नहर गूल क्षेत्र में स्वच्छता अभियान भी चलाया। पौराणिक देव स्थल मंदिर में आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त किया तथा मंदिर परिसर में साफ सफाई की।जिला समन्वयक प्रोफेसर जगमोहन सिंह नेगी ने शिविर का औचक निरीक्षण किया और स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा का मूल कर्त्तव्य बताया। द्वितीय सत्र में सोशल मीडिया का युवाओं पर प्रभाव शीर्षक पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# स्टोन क्रशरों से उपखनिज ढो रहे ट्राले और ट्रक खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे

मोटाहल्दू (नैनीताल) (संवाददाता) । राष्ट्रीय राजमार्ग-109 पर रॉन्ग साइड चल रहे भारी वाहनों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। गैस प्लांट से बेरीपड़ाव के बीच स्टोन क्रशरों से उपखनिज ढो रहे ट्राले और ट्रक खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं ताजा घटना मंगलवार सुबह की है, जब गैस प्लांट के पास एक तेज रफ्तार ट्राला गलत दिशा में आ गया। सामने से आ रही स्कॉर्पियो चालक ने बचने की कोशिश की, लेकिन वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में स्कॉर्पियो सवार लोगों को चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए भेजा गया।गौरतलब है कि पिछले दो दिनों के भीतर इसी मार्ग पर यह दूसरा बड़ा हादसा है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद प्रशासन और परिवहन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्टोन क्रशर से जुड़े भारी वाहन समय बचाने के लिए रॉन्ग साइड का सहारा लेते हैं, जिससे सड़क पर चलना खतरे से खाली नहीं रह गया है। कई बार शिकायत करने के बाद भी न तो नियमित चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है और न ही नियम तोड़ने वालों पर सख्ती की जा रही है।क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर तत्काल ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, रॉन्ग साइड चलने वाले वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए स्थायी समाधान निकाला जाए



# भव्य स्मृति दिवस का आयोजन किया गया

हल्द्वानी (नैनीताल) (संवाददाता)। / उत्तराखंड स्व. डॉ. इंदिरा हृदयेश जी की 85वीं जयंती के अवसर पर स्वराज आश्रम में भव्य स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेताओं एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके प्रेरणादायक जीवन को याद किया।जिला एवं महानगर कांग्रेस परिवार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में नैनीताल व ऊधम सिंह नगर से बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। सभी ने स्व. इंदिरा हृदयेश जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए उनके योगदान को नमन किया।नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि स्व. इंदिरा हृदयेश जी का जीवन जनसेवा, संघर्ष और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा उत्तराखंड के विकास और जनता के अधिकारों के लिए किए गए कार्य सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे।हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि इंदिरा जी केवल एक जननेता नहीं, बल्कि हम सभी के लिए मार्गदर्शक थीं। उनके संस्कार और जनसेवा की भावना आज भी हमें निरंतर प्रेरित करती है।पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश दुर्गापाल ने कहा कि स्व. इंदिरा हृदयेश जी एक दूरदर्शी और सशक्त नेतृत्व की प्रतीक थीं। उन्होंने हमेशा आमजन की आवाज को प्राथमिकता दी और जनहित के लिए संघर्ष किया। उनके बताए मार्ग पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है।जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल एवं महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि इंदिरा जी का राजनीतिक जीवन निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण का अनुपम उदाहरण है, जिसकी भरपाई संभव नहीं।कार्यक्रम के अंत में स्वराज आश्रम में उपस्थित सैकड़ों कांग्रेसजनों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे स्व. डॉ. इंदिरा हृदयेश जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए प्रदेश के विकास और जनकल्याण के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाएंगे तथा उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए भरसक प्रयास करेंगे। स्मृति कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व महानगर अध्यक्ष हरीश मेहता, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष हेमंत बगड़वाल, पूर्व राज्यमंत्री सुहैल सिद्दीकी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख भोला दत्त भट्ट, एन बी गुणवंत, महिला महानगर अध्यक्ष मधु सांगुड़ी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेम पांडे, मोहन बिष्ट, अर्जुन बिष्ट, जगमोहन बगड़वाल, कन्नू परगाई, गोविंद बगड़वाल, नीरज मेहरा सहित अनेक गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सोमांश बने एमओडी देहरादून के किड्स एम्बेसडर

रामनगर (संवाददाता)। देहरादून में मीडिया क्रिएटरो के सम्मान के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देहरादून पहुंचे कई मीडिया क्रिएटर जो उत्तराखंड के साथ साथ अपनी कला और हुनर से कई लोगो के आइडियल बन गए है।इन सभी क्रिएटर के बीच पहुंचे और उन्हें सम्मान देने रामनगर के लिटिल चौम्प बॉलीवुड चाइल्ड एक्टर सोमांश सिंह डंगवाल पहुंचे। इस कार्यक्रम मे लगभग 300 से अधिक बड़े व छोटे क्रिएटर पहुंचे, जिसमे से लगभग 25 से 30 मीडिया क्रिएटरो को सम्मानित किया गया।ये सभी क्रिएटर अपनी कला और प्रतिभा से पुरे उत्तराखंड की संस्कृति और यहाँ की सभ्यता को देश व विदेशो मे पहुंचा रहे है।कार्यक्रम मॉल ऑफ देहरादून की टीम द्वारा करवाया गया,जिसमे सोमांश को किड्स एम्बेसडर बनाया गया और उनके द्वारा छोटे किड्स को सम्मानित किया गया। सोमांश इस मौके पर खासा उत्साहित नजर आए।उन्होंने अपनी बात रखते हुए सभी क्रेटर्स को कहा की हम सभी उत्तराखंड मे जन्मे है और यह हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर उत्तराखंड को विश्व पटल पर लेकर जायेंगे।हम सभी एक दूसरे का हाथ थामे रखे और ये काम किसी अकेले का नहीं है कार्यक्रम मे उनके माता पिता भी उनके साथ रहे और इस कार्यक्रम से बेटे को लगातार मिल रहीं उपलब्धियों से खासा प्रसन्न नजर आए।कार्यक्रम के बाद सोमांश अपनी माता के साथ वापस मुंबई लौट गये।

# डिप्लोमा इंजीनियर्स की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी, विकास कार्य प्रभावित

अल्मोड़ा(संवाददाता)। उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के द्वितीय चरण के आंदोलन के तहत मंगलवार को शाखा अल्मोड़ा द्वारा शक्ति सदन में अनिश्चितकालीन हड़ताल का कार्यक्रम जारी रहा। आंदोलन के दूसरे दिन विभिन्न विभागों के डिप्लोमा इंजीनियर्स ने भाग लेते हुए अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई। हड़ताल में लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, ग्रामीण निर्माण विभाग, आवास विभाग, कृषि विभाग, जिला पंचायत, उरेडा, शहरी विकास, लघु डाल और पीएमजीएसवाई सहित कई विभागों के अभियंता शामिल रहे। बैठक की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष जीएस मेहरा ने की। इस दौरान महासंघ की 27 सूत्रीय मांगों के पूर्ण होने तक हड़ताल जारी रखने का आह्वान किया गया। अभियंताओं ने कहा कि हड़ताल के चलते विभिन्न विकास कार्य प्रभावित हो सकते हैं, लेकिन इसकी जिम्मेदारी उनकी नहीं होगी। उन्होंने अपनी प्रमुख मांगों में 10 वर्ष में प्रथम एसीपी के रूप में 5400 ग्रेड पे, 16 वर्ष में 6600 और 26 वर्ष में 8700 ग्रेड पे का वेतनमान, अभियंत्रण विभागों में न्यूनतम तीन पदोन्नति, पेयजल एवं जल संस्थान का राजकीयकरण, सेपरेट गैलरी का सृजन, पुरानी पेंशन की बहाली, आईटी भत्ता, फील्ड स्टाफ की नियुक्ति, आवास विभाग की विसंगतियों का समाधान और गैर तकनीकी कार्यों में ड्यूटी का विरोध शामिल बताया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने स्पष्ट किया कि जब तक सभी 27 सूत्रीय मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन समाप्त नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में मंडल सचिव कुमाऊं दीपक सिंह मटियाली, मंडल उपाध्यक्ष ललित मोहन शर्मा, मंडल महामंत्री हिमांशु जोशी, जनपद सचिव ललित मोहन बिष्ट, शाखा अध्यक्ष सूरज सिंह रावत, शाखा सचिव हितांशी नेलवाल, जीवेश वर्मा, विपिन चंद्र तिवारी, मनीष कुमार, पुनीता रानी, आलोक कुमार ओली, कुंदन बिष्ट, रोहित नैलवाल, प्रेमा पाटनी, नेहा लटवाल, भावना, दिव्या बिष्ट, दीक्षा बोहरा, गीतिका कठेत, नीरू थापा सहित अन्य अभियंता मौजूद रहे।

## आपदा से प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर उनके दुख-दर्द को साझा किया

रामनगर (संवाददाता)। भाजपा के वरिष्ठ व सांसद प्रतिनिधि इंदर रावत ने विधान सभा क्षेत्र रामनगर में बीते दिनों आई आपदा से प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर उनके दुख-दर्द को साझा किया।ग्राम सेमलखलिया में भाजपा बूथ अध्यक्ष भूपाल सिंह का चक्की का पूरा सेट तेज आंधी में क्षतिग्रस्त हो गया।रिंगोड़ा निवासी प्रकाश चंद्र उपाध्याय के 12 वर्षीय पुत्र की हल्दू के पेड़ के गिरने से मौत हो गई थी। ग्राम बेलगढ़ में बलवीर सिंह नेगी के घर के ऊपर विशाल पेड़ गिरने से उनका पूरा परिवार बाल-बाल बच गया लेकिन उनकी झोपड़ी पूरी तरह



क्षतिग्रस्त हो गई।इंदर सिंह रावत ने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ प्रभावित परिवारों से मिलकर उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया और बलवीर नेगी को तुरंत झोपड़ी के पुनर्निर्माण करने को कहा गया जिसके लिए उन्होंने आर्थिक सहायता भी प्रदान की। साथ ही रामनगर के प्रभागीय वन अधिकारी से भेंट कर वन विभाग क्षेत्र में हुए नुकसान का शीघ्र आकलन कर प्रभावित लोगों को उचित मुआवजा दिलाने का आग्रह किया, ताकि पीड़ित परिवारों को जल्द राहत मिल सके।इस दौरान भाजपा नेता शुभम उत्तम, पूर्व प्रधान बब्बू चौधरी,पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा भावना भट्ट आदि मौजूद रहें।

## नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया

रामनगर (संवाददाता)। भाजपा जिला नैनीताल अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष जिक्रान, जिला महामंत्री दानिश सिद्दकी और आईटी संयोजक सरफराज हुसैन ने विधायक दीवान सिंह बिष्ट से उनके कार्यालय पर शिष्टाचार भेंट की। विधायक दीवान सिंह बिष्ट और भाजपा नेताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक सहित भाजपा नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत, विधायक प्रतिनिधि जगमोहन सिंह बिष्ट, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष सैयद अली नकवी,भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष भूपेंद्र खाती आदि मौजूद रहें।



## प्रिएसआईआर एवं एसआईआर की तमाम जानकारी विस्तार से देते हुए सहयोग कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए

रामनगर (संवाददाता)। तहसील मुख्यालय पर 61 विधानसभा रामनगर के रिटर्निंग आफिसर ने बीएलओ,बीएलए, सेक्टर मजिस्ट्रेट, राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियो आदि की दो अलग-अलग बैठक लेकर उन्हें प्रिएसआईआर एवं एसआईआर की तमाम जानकारी विस्तार से देते हुए सहयोग कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम रामनगर गोपाल सिंह चौहान बैठक में कहां की अभी जो प्रीएसआईआर का कार्य चल रहा है उसमें तेजी लाए,जब तक एसआईआर लागू नहीं हो जाता तब तक प्रीएसआईआर के काम को तेजी से करें। एएसडी लिस्ट जिसके तहत वोटर अनुपस्थित है या नहीं मिला, या मृत्यु हो गई, चिन्हित कर ले। अधिक से अधिक मैपिंग की जाए, जिनकी मैपिंग नहीं हो पाएगी, फिर उन्हें नोटिस भेजे जाएंगे। अधिक मैपिंग होने पर कम नोटिस भेजने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं को नोटिस भेजे जाएंगे, उनको अपना पक्ष रखने के लिए मौका दिया जाएगा और उनकी सुनवाई होगी। रिटर्निंग ऑफिसर ने कहा कि फील्ड में सभी राजनीतिक दलों के बीएलए अपने क्षेत्र के बीएलओ को सहयोग करें। उन्होंने सभी को एसआईआर लागू होने पर आगे क्या-क्या कार्रवाई करनी है विस्तार से जानकारी दी। और सभी से अपेक्षा की की अपना कार्य ईमानदारी एवं निष्ठा से करें। बैठक में कांग्रेस प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल ने मांग रखी की सुनिश्चित किया जाए कोई बीएलओ निर्वाचन आयोग के आदेशों की अवेहलना नहीं करे और यदि सभी बीएलओ राजनीतिक दलों के बीएलए को एएसडी लिस्ट उपलब्ध कराये तभी एसआईआर का सही क्रियान्वयन हो सकेगा। इस दौरान उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के महासचिव प्रभात ध्यानी ने भी विचार रखें।बैठक में एआरओ, सेक्टर मजिस्ट्रेट, सुपरवाइजर, बीएलओ, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

## बस यूके07 पीए2800 मंगलवार सुबह आठ बजे सवारियों बैठाकर चली

रामनगर (संवाददाता)। अल्मोड़ा डिपो की बस यूके07 पीए2800 मंगलवार सुबह आठ बजे सवारियों बैठाकर चली थी। रामनगर डिपो में बस दोपहर डेढ़ बजे पहुंच गई थी। रामनगर से भी यात्रियों को बैठाकर बस हरिद्वार के लिए चली थी। बस चालक नंदन सिंह ने बताया कि हाईवे 309 पर बस करीब 40 की स्पीड से चल रही थी। टांडा के पास अचानक चलती बस का स्टेरिंग का संचालन फ्री हो गया। बताया कि तेजी से बस हाईवे से उतरने लगी। इससे बस चालक ने बस को ब्रेक लगाकर सड़क किनारे रोक दी। उन्होंने बताया कि बस का स्टेरिंग पूरी तरह से काम नहीं कर रहा था। बस में 30 से अधिक लोग बैठे थे। हरिद्वार व काशीपुर के अधिकांश लोग थे। वहीं अचानक ब्रेक लगाने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। बस के रूकते ही यात्री बस के नीचे उतरे। चालक ने बताया कि अल्मोड़ा से बस सवारियां भरकर चली थी।



## दिव्यांग बच्चों के कल्याण के लिए एक मिनी वैन भेंट की

रामनगर (संवाददाता)। सीएसआर परियोजना के अंतर्गत उज्जीवन स्मॉल बैंक द्वारा संस्था यू.एस.आर. इंदु समिति को दिव्यांग बच्चों के कल्याण के लिए एक मिनी वैन भेंट की गई।जिसका विधिवत उद्घाटन किया गया।

उद्घाटन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी रहे। इस अवसर पर उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के स्वेता सुमन,प्राची जैन,मनोज गुप्ता,संस्था प्रबंधक/निदेशक संदीप रावत,पारुल रावत,अभिषेक शर्मा,अनुप्रिया शर्मा आदि मौजूद रहें।इस अवसर पर संस्था के संस्थापक एवं प्रबंधक संदीप रावत ने उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक एवं उनके सभी पदाधि कारियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी दिव्यांगजन कल्याण के लिए इसी प्रकार के सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की है।

### एसडीआरएफ ने राजस्व कार्मिकों को दिया आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

अल्मोड़ा(संवाददाता)। पीटीसी अल्मोड़ा में एसडीआरएफ टीम सरियापानी द्वारा राजस्व विभाग के उपनिरीक्षकों और निरीक्षकों को आपदा प्रबंधन एवं रेस्क्यू तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को आपात स्थितियों से निपटने के लिए व्यावहारिक और तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही रोप रेस्क्यू उपकरणों के उपयोग, रैपलिंग, क्लाइम्बिंग और रिवर क्रॉसिंग जैसे महत्वपूर्ण अभ्यास भी कराए गए।

## स्कूल मार्ग पर दोपहिया वाहनों पर लगेगी रोक, गेट लगाने के निर्देश

अल्मोड़ा (संवाददाता)। नगर निगम क्षेत्र में बच्चों की सुरक्षा को लेकर उठी मांग पर कार्रवाई करते हुए मेयर अजय वर्मा ने गोपालधारा मार्ग पर गेट लगाने और सुबह से शाम तक दोपहिया वाहनों के संचालन पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। यह निर्णय नन्दादेवी वार्ड के पार्षद अर्जुन बिष्ट, चीनाखान के पार्षद संजय जोशी और त्रिपुरासुंदरी के पार्षद श्याम पांडे के नेतृत्व में स्थानीय महिलाओं के शिष्टमंडल द्वारा उठाई गई मांग के बाद लिया गया। शिष्टमंडल ने मेयर को बताया कि बावनसीढ़ी से शिशु मंदिर तक का मार्ग अत्यंत संकरा है और इसी रास्ते से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे बच्चे स्कूल आते-जाते हैं। ऐसे में दोपहिया वाहनों की आवाजाही से लगातार दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, जिससे बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा खतरे में है।

# मांगों की अनदेखी पर एबीवीपी ने कॉलेज का गेट बंद कर किया प्रदर्शन

अल्मोड़ा(संवाददाता)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की अल्मोड़ा इकाई ने विद्यार्थियों की लंबित मांगों को लेकर कॉलेज परिसर में मुख्य पार्किंग गेट बंद कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। परिषद का कहना है कि लंबे समय से विभिन्न समस्याओं को लेकर उठाई जा रही मांगों पर प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। प्रदर्शन के दौरान परिषद ने शिक्षक भर्ती में अतिथि शिक्षकों के सुरक्षित भविष्य के लिए प्रावधान, शैक्षणिक अव्यवस्था, परीक्षा प्रणाली में सुधार, पुस्तकालय सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, जर्जर आधारभूत ढांचे के पुनर्निर्माण, रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा सेल्फ फाइनेंस शिक्षक भर्ती से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। परिषद ने चेतावनी दी कि इन मुद्दों पर अब और चुप नहीं बैठा जाएगा। नगर मंत्री रोहित कुमल्टा ने कहा कि प्रशासन की उदासीनता अब सहन से बाहर हो चुकी है और यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिए गए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मांगें पूरी नहीं होने पर व्यापक आंदोलन, ताला बंदी और सड़क जाम जैसे कदम भी उठाए जा सकते हैं, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन और विश्वविद्यालय की होगी। प्रदर्शन में रोहित कुमल्टा, दीपक लोहनी, दीपक राठौर, कृष्णा कार्की, ऋतिक नेगी, भास्कर जोशी, निखिल उप्रेती, लक्ष्मी रानी, निशु, वंदना गोस्वामी, पंकज कुमार, लकी जोशी, प्रवीण, मयंक धामी, दयाल कोरंगा, दीप, पवन लाल साह, प्रिया पांडेय, अभय बोरा, नेहा जोशी, मनीषा गोस्वामी, प्रिया एरी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पेद्दी के डांस नंबर में नजर आएंगी मृणाल ठाकुर, राम चरण और जान्हवी कपूर के साथ होगा कैमियो



फिल्म पेड्डी में मृणाल ठाकुर का कैमियो? राम चरण और जाह्नवी कपूर के साथ करेंगी डांस नंबरराम चरण स्टारर फिल्म पेड्डी 30 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, जिसको लेकर दर्शक काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं. इस स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा को बुची बाबू सना डायरेक्ट कर रहे हैं. फिल्म ने जाह्नवी कपूर भी लीड रोल में नजर आएंगी. वहीं अब फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आ रही है.रिपोर्ट्स के मुताबिक, मृणाल ठाकुर इस फिल्म में कैमियो करती नजर आ सकती हैं. कहा जा रहा है कि वह एक डांस नंबर में राम चरण और जाह्नवी कपूर के साथ दिखाई देंगी. हालांकि, मेकर्स की तरफ से अभी तक इसको लेकर कोई ऑफिशियल अनाउसमेंट नहीं की गई है.पेड्डी का एक्शन टीजर जल्द ही रिलीज होने वाला है. खबरों के मुताबिक, यह टीजर 27 मार्च 2026 को राम चरण के जन्मदिन के मौके पर सामने आ सकता है, जिससे फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है. यह फिल्म गांव की पृष्ठभूमि पर आधारित एक क्रिकेट टूर्नामेंट की कहानी दिखाएगी.बुची बाबू सना के ने निर्देशन में बनी इस फिल्म को वेंकट सतीश किलारू और ईशान सक्सेना ने प्रोड्यूस किया है. फिल्म का म्यूजिक एआर रहमान ने तैयार किया है. हाल ही में इसका गाना राय राय रा रा रिलीज हुआ, जिसमें राम चरण का डांस फैंस को काफी पसंद आ रहा है.वर्क फ्रंट की बात करें तो राम चरण आखिरी बार फिल्म गेम चेंजर में नजर आए थे, जिसमें उन्होंने एक ईमानदार आईएएस अधिकारी का किरदार निभाया था. वहीं, आने वाले समय में राम चरण एक और फिल्म में नजर आ सकते हैं, जिसका टेंटेटिव नाम आरसी 17 बताया जा रहा है. इस फिल्म का निर्देशन सुकुमार करेंगे.वहीं मृणाल ठाकुर जल्द ही अदिवी शेष के साथ फिल्म डकैत में नजर आएंगी. शेनिल देव के निर्देशन में बनी यह रोमांटिक एक्शन फिल्म 10 अप्रैल 2026 को रिलीज होने वाली है.

## साउथ में छा गए पवन कल्याण, उस्ताद भगत सिंह ने तीन दिन में धुरंधर 2 को पछाड़ा, किया 52.90 करोड़ बॉक्स ऑफिस कलेक्शन

पवन कल्याण की उस्ताद भगत सिंह को मिक्स रिव्यूज मिले. फिल्म तेलुगू में रिलीज हुई है और अच्छा परफॉर्म कर रही है. फिल्म ने पहले दिन 34.75 करोड़ का कलेक्शन किया था. आइए जानते हैं अब तीसरे दिन फिल्म ने कितना कमाया है.सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने तीसरे दिन 9.15 करोड़ की कमाई की है. फिल्म को 36 परसेंट ऑक्यूपेंसी मिली. 3340 शोज पर फिल्म चल रही है. फिल्म के तीसरे दिन के कलेक्शन के आंकड़े अभी ऑफिशियल नहीं आए हैं पर अगर फिल्म ने तीसरे दिन 9.15 करोड़ कमाए हैं तो अभी तक टोटल कलेक्शन 52. 90 करोड़ हो गया है. फिल्म ने 3 दिन में 50 करोड़ क्लब में एंट्री कर ली है.फिल्म को तीसरे दिन ओवरऑल 36.46 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली. मॉर्निंग में फिल्म को 21 परसेंट, दोपहर में 39.92 परसेंट, शाम में 43.36 परसेंट, रात में 41.46 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली.वहीं बता दें कि धुरंधर 2 ने तीसरे दिन तेलुगू भाषा में 5 करोड़ की कमाई की है. उस्ताद भगत सिंह तेलुगू में धुरंधर 2 से आगे निकल रही है.बता दें कि उस्ताद भगत सिंह ने पहले दिन 34. 75 करोड़ कमाए. फिल्म को 69 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म के 4607 शोज थे. वहीं दूसरे दिन फिल्म की कमाई घटी और फिल्म ने 9 करोड़ कमाए. फिल्म के 3447 शोज थे और फिल्म के 36 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली.बता दें कि फिल्म 19 मार्च 2026 को रिलीज हुई. ये एक एक्शन ड्रामा है. फिल्म का रन टाइम 2 घंटे 34 मिनट है. फिल्म में पवन कल्याण के अलावा नवाब शाह, आर प्रतिभन, श्रीलीला, राशी खन्ना जैसे स्टार्स हैं. तेलुगू इंडस्ट्री में पवन कल्याण सुपरस्टार हैं और फैंस उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते हैं. उनकी फिल्म दे कॉल हिम ओजी को बहुत पसंद किया गया था. ये फिल्म 25 सितंबर 2025 में रिलीज हुई थी. फिल्म में पवन कल्याण के अलावा इमरान हाशमी जैसे स्टार्स थे. फिल्म ने पहले दिन 155 करोड़ का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था.

## मैं बहुत रोती थी, श्रीलीला ने बताया क्यों छोड़ना चाहती थीं इंडस्ट्री?

तेलुगु अभिनेत्री श्रीलीला इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म श्उस्ताद भगत सिंह्र को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म में वो पवन कल्याण के साथ नजर आई हैं। इस बीच श्रीलीला ने ट्रोलिंग को लेकर बात की और बताया कि ट्रोलिंग से उन पर क्या प्रभाव पड़ता है। उन्होंने ये भी बताया कि आखिर क्यों उन्होंने फिल्में छोड़ने तक का प्लान भी बना लिया था?श्रीलीला ने ट्रोलिंग को लेकर बात की। उनसे पूछा गया कि क्या ट्रोलिंग उन्हें परेशान करती है? इस पर एक्ट्रेस ने कहा कि जब मैंने इस इंडस्ट्री में शुरुआत की थी, तब तो करती थी।मुझे बहुत बुरा लगता था, मैं रोती थी। मैंने अपनी मां से भी कहा था, मुझे नहीं लगता कि मैं यह कर पाऊंगी। क्या मुझे वापस स्कूल या कॉलेज जाना चाहिए? मैं बहुत संवेदनशील थी, लेकिन अब मुझे इसकी परवाह नहीं है।श्रीलीला ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि आजकल लोगों में अपनी बुद्धि होती है। इसलिए, निगेटिविटी देखने पर भी वे थोड़ा सोचते हैं। आजकल के लोगों में पहले से ज्यादा बुद्धि होती है। इसलिए वो ज्यादा ही सोचते हैं।वर्कफ्रंट की बात करें श्उस्ताद भगत सिंह्र के बाद श्रीलीला अब अनुराग बसु द्वारा निर्देशित अनाम फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में वो कार्तिक आर्यन के साथ प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। यह एक म्यूजिकल लव स्टोरी है।पहले इसे श्आशिकी 3र बताया जा रहा था, हालांकि, बाद में मेकर्स ने साफ किया कि ये श्आशिकी 3र नहीं है। अब फिल्म का नाम तू मेरी जिंदगी है बताया जा रहा है। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।



## पौराणिक एक्शन फिल्म नागबंधम केजीएफ फेम गरुड़ राम फर्स्ट लुक रिलीज, तांत्रिक योद्धा भैरगी के अवतार में आएंगे नजर

अभिषेक नामा की आने वाली पौराणिक एक्शन फिल्म नागबंधम, जिसमें विराट कर्ण हैं, पूरे भारत में खूब चर्चा में है। फिल्म की ग्रैंड पैन-इंडिया रिलीज बस आने ही वाली है, और टीम इसे प्रमोट करने के लिए पूरी कोशिश कर रही है। लीड एक्टर्स के फर्स्ट-लुक पोस्टर ने पहले ही तहलका मचा दिया है।मेकर्स ने अभी-अभी गरुड़ राम, उर्फ भैरागी का फर्स्ट लुक रिलीज किया है, और यह एक शोस्टॉपर है। उनका राख से सना शरीर, बंधे हुए ड्रेडलॉक, और केसरिया लाल फेस पेंट उन्हें एक भयंकर, रहस्यमयी औरा देते हैं। तीखी आँखों और रुद्राक्ष और हड्डियों की मालाओं की परतों के साथ, वह एक शक्तिशाली तांत्रिक योद्धा के रूप में दिखाई देते हैं। पोस्टर को धुंधले, घने जंगल में सेट किया गया है जो साँपों और बिखरी हुई खोपड़ियों से भरा है, जो डरावनी, सुपरनैचुरल वाइब को और बढ़ा देता है।नागबंधम में नाभा नटेश और ईश्वर्या मेनन फीमेल लीड रोल में हैं, साथ ही जगपति बाबू, मुरली शर्मा, जयप्रकाश और बीएस अविनाश भी अहम रोल में हैं। सिनेमैटोग्राफर सौंदर राजन एस ने शानदार विजुअल्स का वादा किया है, जबकि एडिटर आरसी प्रणव ने शार्प कट्स के साथ फिल्म को शेप दिया है।

## वाराणसी फिल्म से श्रीराम के किरदार में महेश बाबू का लुक हुआ लीक? थिएटर होर्डिंग में धनुष पकड़े दिखे एक्टर

साउथ सुपरस्टार महेश बाबू निर्देशक एस एस राजामौली की अपकमिंग मेगा फिल्म श्वाराणसी्र में भगवान श्रीराम का किरदार निभाते नजर आएंगे। इस बात का खुलासा खुद राजामौली ने फिल्म के टाइटल लॉन्च और इंटरव्यू के दौरान किया था, लेकिन तब महेश बाबू का लुक पोस्टर जारी नहीं किया गया था। अब लगता है फैंस का इंतजार खत्म हो गया है।आंध्र प्रदेश के गुंटूर में मिश्री सिनेमा के डिजिटल होर्डिंग पर फिल्म का एक पोस्टर लगाया गया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस पोस्टर में महेश बाबू भगवान श्रीराम के रूप में धनुष थामे समुद्र की ओर देखते दिखाई दे रहे हैं। पोस्टर पर लिखा है - श्श्रीराम के रूप में महेश बाबू्र हालांकि मेकर्स ने अभी तक इस पोस्टर को आधिकारिक तौर पर रिलीज नहीं किया है, लेकिन यह थिएटर्स में दिखाया जा रहा है।

फिल्म लॉन्च के दौरान राजामौली ने बताया था कि उन्होंने फिल्म के लिए रामायण का एक खास पार्ट 60 दिनों तक शूट किया है। उन्होंने कहा, श्पहले दिन जब महेश श्रीराम के गेटअप में फोटोशूट के लिए आए, तो मेरे रोंगटे खड़े हो गए। महेश में कृष्ण का आकर्षण है, लेकिन राम की शांति भी है। मैंने उस फोटो को अपना वॉलपेपर भी बना लिया था, फिर हटा दिया्रवहीं, महेश बाबू ने स्क्रीन रेंट प्लस से बातचीत में बताया था कि श्रीराम का किरदार निभाने के लिए उन्हें काफी सख्त तैयारी करनी पड़ी। राजामौली ने हर छोटी-छोटी चीज में परफेक्शन मांगा। सही चाल-ढाल और बॉडी लैंग्वेज के लिए उन्होंने कड़ी ट्रेनिंग ली। इतना ही नहीं, उन्होंने 3 महीने तक केरल की प्राचीन मार्शल आर्ट श्कलारी्र भी सीखी।श्वाराणसी्र एक ग्लोब-ट्रॉटिंग एडवेंचर फिल्म बताई जा रही है, जिसकी कहानी अलग-अलग समय और देशों में फैली होगी। फिल्म में महेश बाबू के साथ प्रियंका चोपड़ा और पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह मच अवेटेड फिल्म 7 अप्रैल 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# चौत्र नवरात्र पर सीएम धामी ने किया सामूहिक कन्या पूजन

**- 1100 कन्याओं के पूजन आयोजन की मुख्यमंत्री ने सराहना की**

**- नवरात्र महापर्व पर बेटियों के सम्मान और सशक्तिकरण का संकल्प**

**- 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' मूल्यों को मजबूत करने का आह्वान**

देहरादून (संवाददाता)। मुख्यमंत्री धामी ने मंगलवार को प्रेमनगर, देहरादून स्थित सनातन धर्म मंदिर परिसर में आयोजित सामूहिक कन्या पूजन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को चौत्र नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चौत्र नवरात्र केवल आस्था का पर्व नहीं, बल्कि श्रद्धा, भक्ति एवं संस्कारों के माध्यम से शक्ति उपासना का महापर्व है। उन्होंने 1100 कन्याओं के पूजन को अत्यंत सौभाग्यपूर्ण बताते हुए आयोजन समिति की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में नारी सम्मान को सुदृढ़ करने तथा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे मूल्यों को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में कन्या को साक्षात देवी स्वरूप माना गया है। शास्त्रों में भी कन्याओं को अत्यंत सम्मानजनक स्थान दिया गया है। बेटियां अपने संस्कार, स्नेह और त्याग से समाज को सशक्त और समृद्ध बनाती हैं तथा हमारी संस्कृति और परंपराओं की सशक्त वाहक हैं। उन्होंने कहा कि कन्या पूजन के इस पावन अवसर पर समाज को यह संकल्प लेना चाहिए कि प्रत्येक बेटी को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान का अधिकार सुनिश्चित किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रध ानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार बेटियों के सशक्तिकरण हेतु निरंतर कार्य कर



रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बेटियों की शिक्षा और प्रोत्साहन के लिए छात्रवृत्ति, कक्षा 9 में प्रवेश पर साइकिल वितरण, 12वीं उत्तीर्ण करने पर प्रोत्साहन राशि, तथा सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण जैसी व्यवस्थाएं लागू की गई हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की बेटियों के सामूहिक विवाह हेतु 61 हजार रुपये तथा व्यक्तिगत विवाह हेतु 55 हजार रुपये तक की सहायता दी जा रही है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को विवाह सहायता के रूप में 50 हजार रुपये तक का अनुदान प्रदान किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नंदा गौरा योजना, गौरा देवी कन्याधन योजना, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट योजना, पोषाहार योजना सहित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बेटियों के जन्म से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार तक हर स्तर पर उनके सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र के नौ दिवस केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आत्मशुद्धि, सेवा, विनम्रता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करने का अवसर भी प्रदान करते हैं। कन्या पूजन हमारी परंपरा के साथ-साथ सेवा, करुणा और विनम्रता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे हर बेटी की रक्षा, शिक्षा और प्रगति का संकल्प लें, जिससे कन्या पूजन की भावना वास्तविक रूप से सार्थक हो सके। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रेमनगर स्थित गुरुद्वारा में माथा टेका:: इस अवसर पर विधायक श्रीमती सविता कपूर, भाजपा के महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष विनय रोहिला, उपाध्यक्ष छावनी परिषद देहरादून विनोद पंवार, भाजपा नेता विनय गोयल एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**संक्षिप्त समाचार...**

## गजेंद्र नौटियाल को 'उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान'

देहरादून (संवाददाता)।गढ़वाली भाषा के प्रख्यात साहित्यकार, नाटककार एवं रंगकर्मी गजेन्द्र नौटियाल को उनकी पुस्तक "चार रेखड़ा" के लिए वर्ष 2025 का प्रतिष्ठित 'उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान' (भवानीदत्त थपलियाल पुरस्कार) प्रदान किया जाएगा। उत्तराखंड भाषा संस्थान की निदेशक मायावती ढकरियाल की ओर से इसकी घोषणा की गई। पुरस्कार के तहत ध्,00,000 की धनराशि, सम्मान-चिह्न, सम्मान-पत्र एवं अंगवस्त्र भेंट किए जाएंगे। सम्मान समारोह 30 मार्च सोमवार को आयोजित होगा। गजेन्द्र नौटियाल का जन्म छह अप्रैल 1964 ग्राम सेमल्थ, टिहरी गढ़वाल में हुआ। उन्होंने मंच, रेडियो, नुक्कड़, मुखौटा और कठपुतली पांचों नाट्य विधाओं में सृजन किया है। वे 53 से अधि क मौलिक नाटक लिख चुके हैं और 1600 से अधिक गाँवों में उनके नाटकों का मंचन हो चुका है।उनके नाटक सामाजिक, सांस्कृतिक और जनजागरूकता विषयों पर आधारित हैं।

### स्वास्थ्य सुधार को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने स्वास्थ्य मंत्री उनियाल को सौंपा ज्ञापन

देहरादून (संवाददाता)। कांग्रेस के पूर्व विधायक राजकुमार और पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल से मुलाकात की। उन्हें मंत्री बनने की बधाई दी और प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में सुध ार के लिए ज्ञापन सौंपा। कहा कि मरीजों को निजी अस्पतालों के महंगे इलाज से बचाने के लिए आईसीयू बेड बढ़ाने, स्वास्थ्य कर्मियों का वेतन बढ़ाने और गायनी व यूरोलॉजी विभाग को मजबूत किया जाए। अस्पतालों में डॉक्टरों, टेक्नीशियन, कंप्यूटर ऑपरेटर और सफाई कर्मियों की कमी व ओपीडी की लंबी लाइनों का मुद्दा उठाया। इस दौरान विवेक चौहान और नमन भी मौजूद रहे।

### चौरिटेबल ट्रस्ट ने स्कूली बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री

देहरादून (संवाददाता)। नबीर कौर चौरिटेबल ट्रस्ट की ओर से पांचवें नवरात्रि पर इंदिरा नगर स्कूल में बच्चों के लिए सहायता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों को किताबें, कॉपियां, कलर्स और मिठाई भेंट की गई। स्कूल की डायरेक्टर मेघना तिवारी, प्रिंसिपल प्रोमिला गौड़ और कोऑर्डिनेटर रीना चौधरी का विशेष सहयोग रहा। संस्था की अध्यक्षा रमन प्रीत ने बताया कि बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही संस्था का उद्देश्य है। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य अरुण ठाकुर, सुमन सिंह और अंजू भारती सहित कई लोग मौजूद रहे।

## महासम्मेलन में संतों ने दिया भक्ति का संदेश

देहरादून (संवाददाता)। भवन श्री कालिका माता समिति कालिका मंदिर की ओर से नवरात्रों के उपलक्ष्य में आयोजित शक्ति महासम्मेलन में मंगलवार को अंतिम दिन संतों ने श्रद्धा और भक्ति का संदेश दिया। इस अवसर स्वामी विष्णु दास महाराज, स्वामी हेमंत कश्यप महाराज, स्वामी अरुण दास महाराज, 108 महंत स्वामी श्री कृष्णा गिरी महाराज और स्वामी केशव दास शर्मा ने अपने विचार रखे। सम्मेलन का शुभारंभ गीता एवं रामायण के दैनिक पाठ से किया गया। अंतिम सत्र में संतों ने कहा कि कालिका मंदिर एक "कल्पवृक्ष" के समान है, जो मां जगदम्बा की कृपा से निरंतर विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा कि जीवन की सार्थकता के लिए जाप और सत्संग से जुड़ना आवश्यक है।संतों ने युवाओं और बच्चों को धार्मिक संस्कारों से जोड़ने पर जोर देते हुए हनुमान चालीसा के पाठ की आदत डालने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रेम ही हमारा पंथ और ग्रंथ है तथा भक्ति के माध्यम से ही मुक्ति संभव है। इस दौरान संस्था की वार्षिक पत्रिका "शक्ति सुधा" का भी विमोचन किया गया।समिति के प्रचार मंत्री संजय आनंद ने बताया कि 25 मार्च को अष्टमी के अवसर पर विशेष दुर्गा यज्ञ एवं विशाल कुमारी पूजन आयोजित किया जाएगा। वहीं रात्रि में भव्य भगवती जागरण का आयोजन होगा, जिसमें प्रमोद श्रीवास्तव, गोपाल मोहन भारद्वाज एवं तरुण सागर भजन प्रस्तुत करेंगे। 26 मार्च को श्री राम नवमी पर्व के साथ 73वां वार्षिक ध्वजारोहण समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा।कार्यक्रम में राम स्वरूप भाटिया, गगन सेठी, भारत आहूजा, जय किशन कक्कर, नरेश मैनी, अशोक लाम्बा, पवन अरोरा, केवल आनंद, हरीश भाटिया, महेश ग्रोवर, अभिषेक वाधवा, साहिल आहूजा, जतिन डोरा, संजय आनंद, भारत शर्मा, अमित भाटिया, सतीश मेहता, महेश डोरा एवं विजय अरोरा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### काफल फेस्टिवल 2026 में झलकी उत्तराखंड की संस्कृति और पारंपरिक जीवनशैली

देहरादून (संवाददाता)। काफल फेस्टिवल 2026 में उत्तराखंड की संस्कृति और पारंपरिक जीवनशैली की झलक दिखी। उत्तराखंड की लोक संस्कृति, पारंपरिक विरासत और प्राकृतिक सुंदरता को समर्पित काफल फेस्टिवल 2026 का 20 से 22 मार्च तक आयोजन किया गया। तीन दिनों तक चले इस फेस्टिवल में उत्तराखंड की संस्कृति और परंपराओं की झलक हर गतिविधि में देखने को मिली। यहां योग सत्र, फॉरेस्ट रन (हाफ मैराथन) फॉरेस्ट राइड (एमटीबी चौलेंज), आर्ट और क्राफ्ट एक्टिविटी, कवि सम्मेलन, खैंचा-ताणी सांस्कृतिक कार्यक्रम, और नाइट स्काई वर्कशॉप जैसी कई गतिविधियां आयोजित की गईं। स्थानीय हस्तशिल्प और हाथों से बने कुटीर उद्योग (हैंडमेड) उत्पादों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही।साथ ही वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी, बर्डिंग (पक्षी अवलोकन), कैमरा सेटिंग्स और फील्ड प्रैक्टिस, तथा हिमालयन इकोलॉजी से जुड़े सेशन भी आयोजित किए गए।

स्वामी, प्रकाशक एवम मुद्रक संजीव पंत द्वारा 19.सी, सुभाष रोड, पैसेफिक होटल के पीछे डूंगा हाउस देहरादून से प्रकाशित एवं चिराग पब्लिकेशन्स डी-2, शिवलोक कालोनी लाडपुर, ब्लॉक रायपुर काली मन्दिर के पास, देहरादून से मुद्रित। सम्पादक - संजीव पंत , फोन नं0- 0135-2712118 , प्रसार प्रबंधकः वसीम अहमद , आर एन आई नं.: UTTHIN/2010/33537 email: jokhimdehradun2006@gmail.com
ताज़ातरीन खबरों व सही जानकारी के साथ समाचार को विस्तार से पढ़नें के लिए लागआन करें हमारा newsportal:. jokhimnews.com